अतिआवश्यक

राजस्थान सरकार
आयुक्तालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/
e-mail: jdpi.cce@gmail.com Ph.: 0141-2706736 (O);

क्रमांकः एफ4 (03)आकाशि / नि.सं. / 2016 / 559 दिनांक : 27-12-2019

प्राचार्य,
समस्त निजी महाविद्यालय / शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय,
राजस्थान।

विषय :– राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के 150वें जयन्ती वर्ष के उपलक्ष्य में दिनांक 30 जनवरी, 2020 को आयोजित राज्य स्तरीय युवा महोत्सव के सम्बन्ध में सूचना अविलम्ब भिजवाने बाबत।

संदर्भः– विभागीय क्रमांक : एफ 8(युवा महोत्सव)एनएसएस / 2019 / 472, दिनांक 24.12.19 ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत सन्दर्भित पत्र के क्रम में लेख है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के 150वें जयन्ती वर्ष के उपलक्ष्य में उनकी पुण्य तिथि दिनांक 30 जनवरी, 2020 को राज्य स्तरीय युवा महोत्सव सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में महाविद्यालयों में संचालित एन.एस.एस., एन.सी.सी., स्काउट एवं स्पोर्टस् में से प्रत्येक इकाई में से कम से कम दस युवा प्रतिनिधि की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करवाने का श्रम करें। युवा प्रतिभागियों के साथ प्रत्येक इकाई के प्रभारी अधिकारी का आना आवश्यक है। प्रदेश के जिन महाविद्यालयों में एन.एस.एस., एन.सी.सी., स्काउट एवं स्पोर्टस गतिविधियों का संचालन नहीं हो रहा है उन महाविद्यालयों से कम से कम 10 विद्यार्थियों को युवा महोत्सव में भिजवाना सुनिश्चित करें।

कार्यक्रम के लिए प्रत्येक महाविद्यालय से चयनित प्रतिभागियों से संबंधित आवश्यक जानकारी nsscceraj@gmail.com पर संलग्न excel sheet .में दिनांक 05–01–2020 तक आवश्यक रूप से भरवाना सुनिश्चित करें।

नोटः– विस्तृत जानकारी हेतु आवश्यकतानुसार डॉ. बनय सिंह, राज्य समन्वयक (9414293353), श्री एस.पी. भटनागर क्षेत्रीय निदेशक, एन.एस.एस. (8619002804) श्री शैलेन्द्र शर्मा, सहायक निदेशक, एच.आर.डी. (9414775718) एवं श्री संदीप कुमार, सहायक आचार्य, आई.टी.सैल (9829066259) से सम्पर्क किया जा सकता है।
संलग्न excel sheet

इस पत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें।

भवदीय

(प्रदीप कुमार बोरड, IAS,)
आयुक्त, कॉलेज शिक्षा एवं
विशिष्ट शासन सचिव, उच्च शिक्षा,
राजस्थान जयपुर
दिनांक :

क्रमांकः एफ4 (03)आकाशि / नि.सं. / 2016 /
प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–
1. वेब प्रभारी को अपलोड /ई–मेल हेतु।

(डॉ अल्पना व्यास)
संयुक्त निदेशक,(नि.सं.)

राष्ट्र पिता महात्मा गाँधीजी के 150 वे जयन्ती वर्ष मे उनकी पुण्यतिथि दिनांक 30-01-2020 को आयोजित होने वाले युवा महोत्सव कार्यक्रम मे भाग लेने वाले प्रतिभागियो की सूचना

क्र.स.	महाविद्यालय का नाम	जिला	तहसील	महाविद्यालय का ई-मेल	प्राचार्य का नाम	मोबाइल न	प्रभारी अधिकारी का नाम	मोबाइल न	इकाई	नाम

युवा प्रतिभागियो के नाम													
NSS		NCC			SCOUT			SPORTS			OTHERS		
कक्षा	मोबाइल न	नाम	कक्षा	मोबाइल न	नाम	कक्षा	मोबाइल न	नाम	कक्षा	मोबाइल न	नाम	कक्षा	मोबाइल न